हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 04 अंक–128 : जौनपुर, गुरुवार 07 जुलाई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## हमें ऐसी व्यवस्था मिली जहां पढ़ाई का मतलब नौकरी ही माना गया –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

वाराणसी ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी के रुद्राक्ष कंवेंशन सेंटर में नई शिक्षा नीति को लेकर आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मौजूद देशभर के शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य आधार शिक्षा को संकुचित सोच के दायरे से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के विचारों से जोड़ना है। हमारे देश में मेधा की कभी कमी नहीं रही। लेकिन दुर्भाग्य से हमें ऐसी व्यवस्था बनाकर दी गई थी, जिसमें पढ़ाई का मतलब नौकरी ही माना गया। आजादी के बाद शिक्षा नीति में थोड़ा बहुत बदलाव हुआ, लेकिन बहुत बड़ा बदलाव रह गया था। अंग्रेजों की बनाई व्यवस्था कभी भी भारत के मूल स्वभाव का हिस्सा नहीं थी और न हो सकती है। पीएम मोदी बोले– मैं यहां का सांसद, आप सभी मेरे मेहमान शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं वाराणसी का सांसद हूं इस नाते मैं होस्ट हूं और आप सभी हमारे मेहमान हैं। मैं




आपका स्वागत करता हूं। कार्यक्रम में अगर कोई कसर रह जाए तो मैं पहले ही माफी मांग लेता हूं। उन्होंने कहा कि ये समागम आज ऐसे समय में हो रहा है, जब देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। अमृत काल में देश के अमृत संकल्पों को पूरा करने की बड़ी जिम्मेदारी हमारी शिक्षा व्यवस्था और युवा पीढ़ी पर है। आगे कहा कि काशी को भी मोक्ष की नगरी इसलिए कहते हैं, क्योंकि हमारे यहां मुक्ति का एकमात्र मार्ग ज्ञान को ही माना गया है। इसलिए शिक्षा और शोध का, विद्या और बोध का मंथन, जब सर्व विद्या के प्रमुख केंद्र काशी में होगा तो इससे निकलने वाला अमृत अवश्य देश को नई दिशा देगा।

## भारत सरकार के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर अहमदाबाद गुजरात से उत्तर प्रदेश राज्य की टीम सफलतापूर्वक प्रतिभाग कर लखनऊ पहुँची

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अहमदाबाद गुजरात के एल डी कॉलेज आफ इंजीनियर मे आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ रीजन के निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य के स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया और सफलतापूर्वक लखनऊ लौटे। शिविर का समापन 3 जुलाई को विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों को अहमदाबाद, गुजरात के विश्वस्तरीय साइंस सिटी भ्रमण के साथ संपन्न हुआ। राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के दौरान देश के नौ राज्यों के स्वयंसेवक तथा गुजरात के नौ विश्वविद्यालय के कुल 200 स्वयंसेवकों ने एक दूसरे राज्यों के भाषा, रहन सहन, व्यंजन, संस्कृति, कला और त्योहारों के बारे में जानने का सौभाग्य प्राप्त किया। डॉव सपन अस्थाना, कार्यक्रम अधिकारी, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ और उत्तर प्रदेश राज्य के राज्य ग्रुप लीडर ने बताया कि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर उत्तर प्रदेश राज्य के स्वयं सेवकों में एक भारत–श्रेष्ठ भारत को जानने में समझने में एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता के प्रति रूचि पैदा करेगा। शिविर के दौरान गांधीनगर की इंद्रोणा पार्क, दांडी कुटीर,




अक्षरधाम मंदिर और साबरमती आश्रम अहमदाबाद का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त किया। महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ के कुलाधिपति, श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव, कुलपति, प्रो. भानू प्रताप सिंह एवं कुलसचिव, प्रो. अखण्ड प्रताप सिंह ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। डॉव सपन अस्थाना, कार्यक्रम अधिकारी, उत्तर प्रदेश के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के बृजमोहन गुप्ता, आफताब, आरती, नेहा, मन्निका यादव प्रियांशु, शाश्वत, विवेक, रिया और शौर्या ने प्रतिभाग कर 05 जुलाई 2020 को लखनऊ पहुंची।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्राणप्रतिष्ठा के पूर्व गाजे बाजे के साथ निकला जुलूस

आर एल पाण्डेय गोण्डा। खरगूपुर में देवी मां की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति के साथ जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए।धार्मिक मान्यता के अनुसार प्रतिष्ठित होने वाली मूर्ति क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों से होकर नौशहरा के मजरा परसापुर पहुंची,जहां देवी मूर्ति प्रतिमा की प्रतिष्ठा विधिविधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण में हुई।कार्यक्रम की



तैयारी विगत 2 दिनों से की जा रही थी।जुलूस में क्षेत्र के पुरुष व महिलाएं क्षेत्र के परसापुर से बाबा पृथ्वीनाथ,पंचरण नाथ और झारखंडी स्थित महादेव के मंदिर पर देवी मां की मूर्ति गाजे बाजे के साथ होकर निकली।महिलाओं ने देवी गीत व भक्ति गीत से लोगों को भाव विभोर किया।जगह जगह लोगों ने देवी प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। इस मौके भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मेहनौन विधानसभा के प्रभारी हरिशंकर तिवारी,विष्णु प्रताप शुक्ला,आलोक उर्फ राजू तिवारी, राजेश तिवारी,मुन्नू मिश्रा,रामपाल शुक्ला,प्रदीप मिश्रा सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## अन्तर्जनपदीय वाहन चोरो के गिरोह का भण्डाफोड : 04 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार गुप्ता मय फोर्स व थानाध्यक्ष मुगराबादशाहपुर सदानन्द राय मय फोर्स के द्वारा दिनांक 06.07.2022 की शाम मुखबिर की सूचान पर करौर बार्डर पर सघन चेकिंग की जा रही थी कि एक मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति जंघई के तरफ से आ रहे थे कि पुलिस वालो को चेकिंग करता देख अचानक तेजी से पीछे मुडकर भागने का प्रयास किये किन्तु पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया, जिनसे पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि विभिन्न जनपदो में वाहन चोरी कर पंकज गुप्ता की दुकान बाबा नगर रेलवे क्रासिंग जंघई थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज को बेच देते है । जिनके द्वारा मोटर साइकिल का पुर्जा अलग अलग कर बेच देते है। उपरोक्त चोरो की निशानदेही पर तीन चोरी की मोटरसाइकिल व मोटरसाइकिल के कटे हुए विभिन्न पार्ट भारी मात्रा में बरामद किये गये। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.करन चौहान पुत्र राम उजागिर चौहान निवासी मोलनापुर थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र 26 वर्ष। 2.अंकित यादव पुत्र राज कुमार यादव निवासी बभनियाँव थाना मीरगंज जनपद जौनपुर उम्र 21 वर्ष। 3.राजीव यादव ऊर्फ बच्चा पुत्र विजय भारत यादव निवासी बहाउद्दीन खोभरिया थाना तेजी बाजार जौनपुर उम्र 21 वर्ष। 4. पंकज गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता जंघई बाजार थाना सरायममरेज जनपद प्रयागराज उम्र करीब 24 वर्ष । बरामदगी का विवरण – 1. चोरी की 03 मोटरसाइकिल 2. चोरी की मोटर साइकिलो के चेचिस– 03,चोरी की मोटर साइकिलों के इंजन–04, अगला साकर–60, पिछला साकर–36, टायर ट्यूब मय रिम के–20, लाक (हैण्डिल)–40, साइलेंसर–12, हेड लाइट–6, सीट–7, तेल की टंकी–13, हैडिल– 6, बम्फर–5, मीटर–7, मड गार्ड–5,रिम–20 आपराधिक इतिहास– अभियुक्त करन चौहान 1.मु0अ0स0–72ध2022 धारा 379ध411 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। 2.मु0अ0स0– 73 / 2022 धारा 379/411/413/414/420/ 467/ 468/471 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। 3.मु0अ0सं0 110 / 19 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना मीरगंज जौनपुर। 4.मु0अ0सं0 111 / 19 धारा





411/413/414 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर 5.मु0अ0सं0 47 / 20 धारा 8 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना मीरगंज जौनपुर 6. मु0अ0सं0 02 / 21 धारा 307 / 504 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर 7. मु0अ0सं0 03 / 21 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट थाना मीरगंज जौनपुर। आपराधिक इतिहास– अभियुक्त अंकित यादव 1.मु0अ0स0–72 / 2022 धारा 379 / 411 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। 2.मु0अ0स0– 73 / 2022 धारा 379/411/413/ 414/420/ 467/468/471 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। आपराधिक इतिहास– अभियुक्त राजीव यादव 1.मु0अ0स0–72 / 2022 धारा 379 / 411 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। 2. मु0अ0स0– 73 / 2022 धारा 379/ 411/413/414/420/ 467/468/471 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। आपराधिक इतिहास– अभियुक्त पंकज गुप्ता 1.मु0अ0स0–72 / 2022 धारा 379 / 411 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। 2.मु0अ0स0– 73 / 2022 धारा 379/411/413/414/420/ 467/468/471 भादवि थाना मीरगंज जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीमः– 1.थानाध्यक्ष श्री बृजेश कुमार गुप्ता थाना मीरगंजि जौनपुर। 2. थानाध्यक्ष श्री सदानन्दराय थाना मुगराबादशाहपुर, जौनपुर मय हमराह 3. उ0नि0 महेश्वरीदीन राजपूत चौकी प्रभारी जघँई थाना मीरगंज जौनपुर। 4.हे0का0 हीरामणी दूबे चौकी जंघई,का0 महेन्द्र कुमार चौकी जंघई,का0 उदय प्रताप, का0 पप्पू कुमार थाना मीरगंज जौनपुर।

## बरसठी ने बढ़ाया कदम तो अन्य ब्लाक ने भी दिखाया दम : पुरुष नसबंदी में बरसठी ब्लाक की तारीफ से अन्य को मिली सीख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुरुष नसबंदी में बेहतर प्रदर्शन के लिए बरसठी ब्लाक की पीठ थपथपाने का जनपद के अन्य ब्लाकों पर भी असर पड़ा। सत्र 2021–22 में जनपद का कोई भी ब्लाक पुरुष नसबंदी के मामले में शून्य नहीं है। सभी ब्लाकों के योगदान से जनपद में पुरुष नसबंदी का अनुमानित आंकड़ा 38 से भी 40 अंक बढ़कर 78 हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह का कहना है कि वर्ष 2021–22 में इस बेहतर प्रदर्शन में सभी ब्लाकों ने अपना योगदान दिया है। बरसठी ने अनुमानित दो पुरुष नसबंदी के सापेक्ष 26 पुरुषों को यह सेवा प्रदान की द्य सिरकोनी ने एक के सापेक्ष पांच, जलालपुर ने एक के सापेक्ष 10, सुइथाकला ने एक के सापेक्ष तीन, सिकरारा ने दो के सापेक्ष चार, डोभी ने एक के सापेक्ष दो सहित ज्यादातर ने अपने लिए अनुमानित संख्या को या तो पूरा कर लिया है या तो उससे अधिक उपलब्धि हासिल की है। बरसठी के एमओआईसी की भूमिका रू एसीएमओ डॉ राजीव कुमार का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2020–21 से पहले पुरुष नसबंदी में बरसठी ब्लाक ही दिखाई पड़ता था। बरसठी ने 2019–20 में 48 पुरुष नसबंदी, 2020–21 में 42 पुरुष नसबंदी, 2021–22 में 28 पुरुष नसबंदी की सेवा प्रदान की थी। बरसठी में पुरुष नसबंदी का ग्राफ बढ़ाने में वहां के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ अजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भोपत गांव की आशा कार्यकर्ता गायत्री देवी को एक बार बुलाकर कहा कि महिला नसबंदी तो बहुत होती है जबकि इससे महिलाओं को दिक्कत होती है। उन्हें चीरा लगता है जिससे उन्हें 08–10 दिन बिस्तर पर रहकर आराम करना पड़ता है। आपरेशन के बाद उन्हें गैस बनती है जबकि पुरुषों की नसबंदी बहुत आसान होती है। महिलाएं ही ज्यादा नसबंदी के लिए प्रेरित की जाती हैं जबकि नसबंदी में पुरुषों की भागीदारी अधिक होनी चाहिए। पुरुष नसबंदी में गायत्री देवी का योगदानरू डॉ अजय सिंह के सुझाव को गायत्री देवी ने मिशन के तौर पर लिया। जब भी समय मिलता अपने तथा आस–पास के गांवों में लोगों को समझाने निकल जातीं। उन्हें बतातीं नसबंदी करवाने से किसी के पुरुषत्व में कमी नहीं आएगी। पुरुष वजन उठाने वाले काम भी कर सकेंगे जबकि जिन महिलाओं का सिजेरियन प्रसव हुआ है उन्हें नसबंदी करवाने से दिक्कत आएगी। इस दौरान कई बार अपमानजनक स्थितियां आईं। लोगों ने अपमानजनक शब्दावली भी प्रयोग की। फिर भी वह कोशिश करतीं रहीं। इस काम में उन्हें पति राजेंद्र प्रसाद पटेल का साथ मिलता रहा। उनकी कोशिशों का असर होने लगा। विरोध करने वाले के एक पड़ोसी पुरुष ने नसबंदी करवा ली। उसे देख ऐसे और एक–दो लोगों ने नसबंदी अपनाई । लाभार्थियों को फायदा हुआ तो वह दूसरों को भी समझाने लगे। इसके चलते भोपतपुर, बरसठी बाजार, मंगरा व अन्य गांवों से गायत्री देवी की सलाह पर तब से अब तक 70 पुरुष नसबंदी करा चुके हैं जो कि जिले के इतिहास में रिकार्ड है। गायत्री देवी ने बरसठी ब्लॉक की अन्य आशा कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में जाकर लोगों को नसबंदी के लिए तैयार कराने में सहयोग किया है। उनके सहयोग से तुलसीपुर की अनीता देवी ने छह, भन्नौर की विद्यादेवी ने आठ, भन्नौर की ही सावित्री सिंह ने दो, जयरामपुर की सीमा ने दो, कान्हपर की संगीता सिंह ने दो पुरुष नसबंदी करवाई है। इस तरह से बरसठी क्षेत्र में उनके सहयोग से 90 पुरुष नसबंदी हो चुकी है। जिलाधिकारी का प्रोत्साहनरू पुरुष नसबंदी में बेहतर प्रदर्शन के लिए तत्कालीन जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने बरसठी के एमओआईसी डॉ अजय सिंह तथा आशा कार्यकर्ता गायत्री देवी को कलक्ट्रेट बुलाकर सम्मानित किया था। वर्तमान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भी उनके योगदान को सराहा। 29 सितंबर 2021 को जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की बैठक में उन्होंने ज्यादा पुरुष नसबंदी करवाने के लिए डॉ अजय सिंह को प्रशस्ति पत्र दिया। इसके साथ ही अन्य ब्लाकों के प्रभारी चिकित्साधिकारियोंध्अधीक्षकों को अपने–अपने ब्लाकों में कम से कम दो पुरुष नसबंदी कराने का निर्देश दिया जिसका अब असर दिख रहा है। 2021–22 में सभी सीएचसी ने पुरुष नसबंदी में योगदान दिया।

## गाजरी बाढ़ इलाके क्षेत्र को लेकर सीडीओ गंभीर : जिला प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कठोर कदम

अजय सिंह जिला संवाददाता सीतापुर : मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर अक्षत वर्मा के द्वारा बताया गया है कि गाजरी बाढ़ इलाके के क्षेत्र को लेकर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाए जा रहे हैं समस्त अधीनस्थों को आदेशित किया जा चुका है की बाढ़ इलाके क्षेत्र मैं बाढ़ से निपटने के लिए जो भी उचित व्यवस्थाएं हो पूरी करा ली जाए जिससे कि बरसात में लोगों को बाढ़ से किसी प्रकार की कोई दिक्कत न होने पाए मौके की स्थली जांच करके सारी व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कराई जाए अन्यथा बाढ़ क्षेत्र के लोगों को बरसात में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए प्रशासन अभी से बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लिए कार्य शुरू कर दिया है मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर के द्वारा पूरी एवं सक्रियता के साथ बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों के लिए



कठोर कदम उठाते हुए पूरी तैयारी व्यवस्थित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए जा चुके हैं।

## विधवा महिला को एस0पी0 ग्रामीण ने दिलवाया इंसाफ : थानेदार को लगाई फटकार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : राजधानी से सटे ग्रामीण इलाके माल में विधवा महिला से पारिवारिक दबंगई का मामला सामने आया है। जिसमें माल थाना के अर्न्तगत ग्राम रनीपारा की पीड़ित महिला गंगा पत्नी रामविनोद सिंह व उसके पुत्र के साथ परिवार के लोगों ने मारपीट की। पीड़िता के अनुसार उसने अपनी जमीन पर मेंड़ लगाने



के लिये अपने जेठ को रूपये दिये थे। अब वे न तो रूपये दे रहे थे और जमीन पर मालिकाना हक भी देने से मना कर रहे थे। विवाद में आरोपियों ने मारपीट की। थानेदार ने नहीं लिखी रिपोर्ट माल थाने में अपनी शिकायत लेकर गयी विधवा महिला की कोई सुनवाई नहीं हुयी। बाद दबाब पड़ने पर धारा 151 में आरापियों को बंद कर दिया गया। इसके बाद भी आरोपी जान से मार देने की धमकी देते रहे। एस0पी0 ग्रामीण ने की सुनवाई बाद में पीड़ित गंगा एस0पी0 ग्रामीण से मिली। एस0पी0 ग्रामीण ह्रदेश कुमार से मिली। उनकी फटकार के बाद माल थाने में दबंग आरोपियो पर धारा 305 व 306 के अर्न्तगत मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही थानेदार को पुलिस अधीक्षक ह्रदेश कुमार ने कड़ी फटकार लगाकर भविष्य में ऐसा न करने की सलाह दी। समाजिक कार्य भी करते है एस0पी0 ह्रदेश कुमार पुलिस अधीक्षक ह्रदेश कुमार एक तरफ जहां अपने क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है वही दूसरी तरफ वे अपने सामाजिक कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रवासियों को विभिन्न सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करते रहते है। पीड़ितों के लिये उनके दरवाजे चौबीसों धण्टे खुले रहते है। साथ ही यथासंभव पीड़ितों की सुनवाई करके समस्या का समाधान करते है। मेडिकल कराने के नाम पर वसूले दो सौ रूपये दबंगों द्वारा मारपीट में घायल महिला का मेडिकल भी कराया गया। जिसमें मेडिकल कराने गये सिपाही ने पीड़ित महिला से दो सौ रूपये वसूल लिये। वास्तव में शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण इलाको में हालात अभी भी जस के तस है। चाहे जितने ही अच्छे अधिकारी क्यों न आ जाय निचले स्तर के कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त है। एस0पी0 ग्रामीण को पहले इन जैसों के ही पेंच कसने चाहिये। फिलहाल एस0पी0 की त्वरित कार्यवाही की ग्रामीण क्षेत्र माल में काफी सराहना हो रही है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

प्यार हमेंशा सॉरी बोलना पसंद करता है जबकि अहंकार हमेशा सॉरी सुनना पसंद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भारतीय अर्थव्यवस्था : क्यों गिरता जा रहा है रुपया

अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष–2023 के लिए चालू खाता घाटा भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 फीसदी से तीन फीसदी तक बढ़ सकता है, जो रुपये पर और दबाव डालेगा। मुख्य बातें और भावनाएं उभरते बाजार की मुद्राओं के खिलाफ हैं।

अन्य मुद्राओं के साथ भारतीय रुपया भी लगातार गिर रहा है, क्योंकि इस वर्ष अमेरिकी डॉलर में जोरदार तेजी आई है। प्रति डॉलर के मुकाबले 79 रुपये के स्तर तक गिरने के कारण वर्ष 2022 की पहली छमाही में रुपये में छह प्रतिशत की गिरावट चिंताजनक है। गिरता रुपया मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को और कठिन बना देता है, क्योंकि रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए दरों को और बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ेगा, जिसके चलते आर्थिक विकास कम होगा।

चूंकि भारत अपनी जरूरतों का 85 फीसदी से अधिक कच्चे तेल का आयात करता है, ऐसे में गिरता हुआ रुपया आयात बिल बढ़ाता है और उच्च मुद्रास्फीति से पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। इस वर्ष, मुख्य रूप से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों या एफपीआई द्वारा नियमित रूप से इक्विटी बाजार से धन निकालने, कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के साथ आयात बिल बढ़ने के कारण भारत का व्यापार संतुलन बिगड़ने और दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर में 20 फीसदी से अधिक की मजबूती के कारण रुपये पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

एफपीआई ने इस वर्ष जनवरी से जून के अंत तक भारतीय शेयर बाजार से 28 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। ब्राजील जैसे कमोडिटी चालित बाजारों को छोड़कर उन्होंने ज्यादातर उभरते बाजारों से धन निकाला है। एफपीआई ने इस साल 2.3 अरब डॉलर के भारतीय बॉन्ड भी बेचे हैं। जाहिर है, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा इत बड़े पैमाने पर बिकवाली रुपये को और कमजोर करती है। इसके बावजूद मुद्रा बाजार में रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप के कारण रुपये की स्थिति अन्य एशियाई मुद्राओं की तुलना में अपेक्षाकृत बेहतर रही है।

हालांकि, व्यापक व्यापार और चालू खाता घाटा (सीएडी) और निरंतर विदेशी पोर्टफोलियो बहिर्वाह के साथ, नीचे की ओर दबाव बढ़ गया है। रिजर्व बैंक ने आधिकारिक तौर पर रुपये के लिए कोई स्तर निर्धारित नहीं किया है। लेकिन उसने रुपये की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप किया है। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भले ही रुपये का स्तर बाजार द्वारा निर्धारित होता है, लेकिन रिजर्व बैंक मुद्रा में श्मूल्यह्रासश की अनुमति नहीं देगा।

इसी तरह 24 जून को, डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने एक उद्योग सम्मेलन में भारतीय रुपये के स्तर पर रिजर्व बैंक की नीति के बारे में कहा, श्हम इसकी स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे, और हम यह काम निरंतर कर रहे हैं।श रिजर्व बैंक में मौद्रिक नीति विभाग की देखभाल करने वाले पात्रा ने जोर देकर कहा कि हाल के दिनों में भारतीय मुद्रा में सबसे कम मूल्यह्रास देखा गया है। उन्होंने कहा कि श्हमें नहीं पता कि रुपया कहां तक गिरेगा।

यहां तक कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व को भी नहीं पता कि डॉलर कहां जाएगा? लेकिन एक बात ध्यान रखिए कि हम रुपये की स्थिरता के लिए खड़े रहेंगे और ऐसा हम निरंतर कर रहे हैं, यहां तक कि इस समय भी, जब मैं बोल रहा हूं। हम बाजार में हैं। हम रुपये में अव्यवस्थित उतार–चढ़ाव की अनुमति नहीं देंगे। हमारे मन में कोई स्तर नहीं है, लेकिन हम झटकेदार हरकतों की अनुमति नहीं देंगे। ...यह व्यापक रूप से ज्ञात हो कि हम बाजार में रुपये की अस्थिरता के खिलाफ बचाव कर रहे हैं।

श्कुल मिलाकर, अगले कुछ महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के धीरे–धीरे गिरकर लगभग 81 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर पर आने की उम्मीद है। रिजर्व बैंक रुपये के प्रति धारणा को मजबूत करने और स्थिर रुपये को सुनिश्चित करने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों के माध्यम से हाजिर (स्पॉट) एवं वायदा बाजार (फॉरवर्ड मार्केट) में हस्तक्षेप करने के लिए 590 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग कर रहा है।

मजबूत अमेरिकी डॉलर के वैश्विक रुझान, अमेरिकी फेड की बढ़ती दरें, भारतीय स्टॉक और ऋण बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा धन निकासी के साथ–साथ कमोडिटी, खासकर कच्चे तेल की बढ़ती कीमत, जिसका भारत सबसे बड़ा आयातक है, ये सभी रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि यह देखने लायक है कि रुपये ने अधिकांश अन्य उभरते बाजार की मुद्राओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और जापानी येन के मुकाबले भी उसका प्रदर्शन अच्छा है, जो हाल ही में 25 साल के सबसे निचले स्तर पर एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 135 येन पर पहुंच गया है, और उसमें और गिरावट की प्रवृत्ति है।

सरकार भी रुपये के इस मूल्यह्रास और घरेलू मुद्रास्फीति पर इसके प्रभाव पर अंकुश लगा रही है। सोने पर आयात शुल्क में इस महीने की शुरुआत से पांच फीसदी की वृद्धि कर सरकार ने सोना आयात पर अंकुश लगाने की कोशिश तो की ही है, इसने डीजल, विमानन ईंधन और गैसोलीन जैसे पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर निर्यात कर भी लगाया है। ये सभी उपाय बढ़ते व्यापार घाटे, भुगतान असंतुलन और चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने के लिए किए गए हैं।

अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष–2023 के लिए चालू खाता घाटा भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 फीसदी से तीन फीसदी तक बढ़ सकता है, जो रुपये पर और दबाव डालेगा। मुख्य बातें और भावनाएं उभरते बाजार की मुद्राओं के खिलाफ हैं। इस परिदृश्य में, केंद्रीय बैंकों को एक विकल्प खोजना होगा, कि क्या उन्हें मुद्राओं की रक्षा के लिए दरों में तेज वृद्धि करनी चाहिए और अर्थव्यवस्था में विकास को जोखिम में डालना चाहिए, या अपने विदेशी मुद्रा भंडार को खर्च करना चाहिए, जिसे विदेशी मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करने में वर्षों लग गए, या बाजारों को अपनी मुद्राओं के लिए स्तर खोजने दें।

एक बहुत ही अस्थिर और अप्रत्याशित वातावरण में रुपये के मूल्यह्रास को सुनिश्चित करने के लिए रिजर्व बैंक अपने सभी साधनों का उपयोग करते हुए एक संतुलन बना रहा है। अगले कुछ महीनों में हम रुपये को एक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81 के स्तर पर देखेंगे। रुपये का मूल्यह्रास तब तक जारी रहेगा, जब तक वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति बढ़ती रहेगी और वैश्विक केंद्रीय बैंक दरें नहीं बढ़एंगे। एक बार जब हम मुद्रास्फीति में गिरावट देखेंगे, तो ब्याज दर वृद्धि चक्र भी बदल जाएगा और फिर हम उभरते बाजारों में ब्याज फिर से बढ़ते हुए देखेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# राजधानी के व्यापारियों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाने में मदद कराएंगे : जिलाधिकारी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कलेक्ट्रेट में नवनियुक्त जिलाधिकारी लखनऊ की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधु की पहली बैठक आयोजित हुई जिसमें राजधानी के विभिन्न व्यापार मंडलों ने प्रतिभाग किया उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसमें लखनऊ सहित प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने हेतु विभिन्न मांगे शामिल थी व्यापारी नेता संजय गुप्ता के नेतृत्व में आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बैठक में भोपाल हाउस, लाल बाग के व्यापारियों का किराया नगर निगम द्वारा जमा ना किए जाने का मुद्दा उठाया, खजाना मार्केट, आशियाना के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर एवं महासचिव आरकेएस राठौर ने खजाना मार्केट, आशियाना में गलत तरीके से वेंडिंग जोन बनाए जाने का मुद्दा उठाया खुर्रम नगर के अध्यक्ष उमेश संवाल ने खुर्रम नगर चौराहे पर पुलिस द्वारा गलत स्थान पर पुलिस बूथ लगाए जाने के कारण बढ़ रहे जाम की समस्या का मुद्दा उठाया बादशाह नगर के व्यापारियों ने बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के सामने के चौराहे को पुलिस द्वारा अस्थाई बैरीकेटिंग लगाकर बंद किए जाने के कारण व्यापार प्रभावित होने की समस्या की लिखित शिकायत दी तथा खुर्रम नगर के पदाधिकारियों ने बकरा मंडी को कल्याण अपार्टमेंट के पास शिफ्ट करने का मुद्दा उठाया व्यापारी नेता इकबाल हसन ने फैजाबाद रोड पर मुख्य मार्ग पर सड़क पर अवैध फर्नीचर के शोरूम के अस्थाई अतिक्रमण का मुद्दा उठाया तथा लक्ष्मणपुरी मार्केट में जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाया भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने भूतनाथ पुलिस चौकी के बगल में महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट बनाए जाने की मांग की नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन श्रम विभाग की मनमानी का मुद्दा उठाया व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने वाणिज्य बंधु बैठक में नीतिगत मुद्दों को आगे बढ़ाने हेतु जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्री ज्ञापन सौपा जिलाधिकारी लखनऊ ने वाणिज्य बंधु की बैठक में व्यापारियों को हर तरह का सहयोग देने का वायदा किया तथा व्यापारियों से अपील की कि लखनऊ के व्यापार को बढ़ाने के लिए समग्र रूप से योजना बनाएं जिला प्रशासन पूरा सहयोग करेगा जिलाधिकारी ने बैठक में राजधानी के व्यापारियों को जीएसटी की बारीकियों को समझने के लिए जल्दी ही जीएसटी की कार्यशाला के आयोजन की बात कही तथा व्यापारियों को बैंकों से लोन दिलाने में प्लेटफार्म तैयार करने का आश्वासन दिया तथा वाणिज्य बंधु की बैठक के माध्यम से सरकार तक नीतिगत विषयों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनाने की बात कही वाणिज्य बंधु बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,उपाध्यक्ष इकबाल हसन, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना ,नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन, महामंत्री विजय कनौजिया, खजाना मार्केट के अध्यक्ष संदीप सिंह गौर, महासचिव आरकेएस राठौर ,प्रिंस मार्केट के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम सहित आदर्श व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी शामिल थे। –मांग पत्ररू– ई–कॉमर्स – 1. प्रदेश में ई कॉमर्स नीति बनाई जाए विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों द्वारा देश के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न प्रकार के छदम तरीके अपनाते हुए किए जा रहे व्यापार पर अंकुश लगाने हेतु तथा उन्हें नियम कानूनों का अनिवार्य रूप से पालन कराने हेतु प्रदेश में ई कॉमर्स नीति बनाई जाए( ई–कॉमर्स नीति निर्मात्री समिति में प्रमुख व्यापारी संगठनों के व्यापारी




प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं) 2. प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को ई–कॉमर्स के माध्यम से बढ़ाने हेतु राज्य स्तर पर सरकार द्वारा स्वयं अथवा पीपीपी मॉडल पर व्यापारियों के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वदेशी ई–कॉमर्स पोर्टल तैयार किया जाए जिसमें प्रदेश के व्यापारियों को निशुल्क व्यापार करने की सुविधा हो ( यह पोर्टल व्यापारियों को केवल मार्केटप्लेस उपलब्ध कराने के मॉडल पर आधारित हो, पोर्टल द्वारा स्वयं बिक्री न की जाए) पोर्टल के प्रचार प्रसार के लिए सरकार अपने बजट में प्रावधान करें। व्यापारी नीति आयोगरू– 3.प्रदेश में व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने हेतु व्यापारी नीति आयोग का गठन किया जाए तथा इसमें प्रदेश के प्रमुख अनुभवी व्यापारियों को मुख्य भूमिका में रखा जाए तथा अधिकारियों को सदस्य के रूप में ही रखा जाए एवं ष्व्यापारी नीति आयोगष को सशक्त करते हुए प्रभावी अधिकार दिये जाए ,जिससे प्रदेश के व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बन सके गुड्स एंड सर्विस टैक्स – 4. उत्तर प्रदेश में जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन किया जाए (4.) प्रदेश स्तरीय जी एस टी सुझाव समिति का गठन हो जिसमें प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के अनुभवी विशेषज्ञ व्यापारी प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए जिन के सुझावों को जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की ओर से भेजा जाए तथा भेजें गए सुझावों के क्रियान्वयन की जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी की जाए बीमा रू– 5.जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए का ष्व्यापारी स्वास्थ्य बीमाष सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से दिया जाए 6.जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना की परिभाषा में बदलाव करते हुए दुर्घटना बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 15 लाख रुपए करते हुए उसके दायरे में कोविड– 19 व अन्य महामारी एवं प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु को भी जोड़ा जाए कॉमर्शियल विद्युत– 7.कॉमर्शियल विद्युत कनेक्शन की दरें कम हो तथा कॉमर्शियल उपभोक्ता द्वारा जितनी विद्युत का उपयोग किया गया हो, सिर्फ उतनी विद्युत के मूल्य ही लिए जाएं डिमांड चार्ज, फिक्स चार्ज ,मिनिमम चार्ज आदि समाप्त हो, अर्थात जितनी बिजली उतने दाम कामर्शियल हाउस टैक्सरू– 8. कामर्शियल हाउस टैक्स की दरें आवासीय हाउस टैक्स की दर से मात्र दुगनी निर्धारित की जाए वर्तमान में आवासीय दर से 5 गुना तक यह दरे प्रभावी हैं) जलकर– 9.जिन व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर वाटर कनेक्शन नहीं लिया गया हो तथा उनके प्रतिष्ठान में शौचालय मूत्रालय का प्रयोग ना हो रहा हो उन वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जल कर के भुगतान से मुक्त रखा जाए केवल उन्हीं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से जलकर वसूला जाए जो जल का कनेक्शन अथवा शौचालय मूत्रालय का प्रयोग करते हो। नगर विकासरू– 10.जनता की आवश्यकता के अनुसार स्वाभाविक रूप से प्रदेश के महानगरों में 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों पर जिन आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में 80ः से अधिक व्यवसायिक गतिविधियां हो रही हो उन बाजारों को बाजार मार्गध् मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाए 11.प्रदेश के महानगरों में मिक्स लैंड यूज की व्यवस्था लागू की जाए 12. व्यापारी सुरक्षारू– प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ष्व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठष को वास्तविक रूप से प्रभावी बनाया जाए तथा प्रदेश के हर थाने पर व्यापारी हेल्पडेस्क बने इंस्पेक्टर राजरू– 13.व्यापारियों के वहां किसी भी तरह के सर्वे छापे की कार्यवाही पर पूर्णतया प्रतिबंध हो,विशेष परिस्थितियों में केवल मुख्यमंत्री की अनुमति से ही छापे पड़े (कुछ प्रदेशों में यह व्यवस्था लागू है) 14.–पैकेट बंद खाद्य पदार्थों के सैंपल उत्पादन इकाई से ही लिए जाए व्यापारिक प्रतिष्ठानों से नहीं लिया जाए नाही उन्हें मुकदमे में पार्टी बनाया जाए एवं खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के सैंपल की हुई द्विस्तरीय जांच की व्यवस्था हो तथा प्रदेश के सभी जिलों में टेस्ट लैब की स्थापना की जाए 15. व्यापारियों की शिकायत पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों की जांच की जाए तथा प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# पुण्यतिथि पर फार्मेसिस्टों ने स्व राम उजागिर पांडेय के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री श्फार्मेसी रत्नश स्व राम उजागिर पांडेय की 19 वी पुण्यतिथि पर आज प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया । 'लखनऊ में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर में 10 फार्मेसिस्टों ने रक्तदान किया । संघ के पूर्व महामंत्री डॉ के के सचान ने आज 22वीं बार रक्तदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की' । वहीं डॉ श्यामा प्रसाद मुखार्जी अस्पताल(सिविल) में फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष 'सुनील यादव के साथ 10 अन्य फार्मेसिस्टो ने रक्तदान किया और श्रद्धांजलि सभा की गई 'फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओ पी सिंह, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, साकिर , शाहरुख आदि ने भी रक्तदान किया'। मऊ के अध्यक्ष सरफराज अहमद, रामानुज यादव, तपस्वी यादव, अशोक कुमार ने भी भागीदारी किया । प्रभारी अधिकारी फार्मेसी श्री एच एन चौधरी ने स्व पांडेय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया'। सभी चीफ फार्मेसिस्टों, फार्मेसिस्टों, लैब टेक्नीशियन, •तंल टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, कार्यालय स्टाफ,नर्सेस, वार्ड बॉय, सफाई कर्मियों ने भी पुष्प अर्पित कर स्व पांडेय जी को याद किया । कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वी पी मिश्र ने पांडेय जी के साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए उन्हें राज्य कर्मचारियों का मसीहा बताया । उन्होंने कहा कि स्व पांडेय जी कर्मचारियों में लोकप्रिय नेता थे, प्रदेश के कर्मचारियों को एकजुट करने में पांडेय जी की भूमिका हमेशा यादगार रहेगी' । 'राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्र ने स्व पांडेय को संघर्षो का प्रतीक



बताया और श्रद्धांजलि दी' । स्व पांडेय जी ने फार्मेसी छात्रों को एकजुट करके संघर्ष की शुरुवात की थी और डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का गठन किया था । सतत संघर्ष करते हुए फार्मासिस्ट संवर्ग में चीफ फार्मेसिस्ट से लेकर संयुक्त निदेशक तक के पद सृजित कराये । सुनील यादव ने स्व पांडेय जी को एक कुशल रणनीतिकार के साथ अच्छा साहित्यकार भी बताया । उन्होंने कहा कि पांडेय जी द्वारा लिखे गए पत्रो का संकलन करने से संघ को बहुत लाभ हुआ है । फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष ओ पी सिंह, सचिव जी सी दुबे, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, अजय कश्यप, आर एन यादव, पंकज रस्तोगी, शिव जी कुशवाहा, रजनीश पांडेय, एम पी चौधरी आदि ने पुष्प अर्पित करते हुए कर्मचारियों से एकजुट रहकर पांडेय जी के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया । रमेश यादव, विवेक तिवारी,अशोक शुक्ला गिरीश विश्वकर्मा , आदेश यादव, संदर्भन,अजीम, सत्य प्रकाश यादव, रविन्द्र यादव जावेद, फैजी, राजेश सिंह, खुर्शीद, रियाज, राजेन्द्र दुबे, आदि ने प्रमुख रूप से पांडेय जी को याद किया । वहीं प्रदेश के अन्य जनपदों में भी स्व पांडेय जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान, सेमिनार , फल वितरण सहित अनेक जनोपयोगी कार्यक्रमो का आयोजन किया गया । ज्ञातव्य है कि कर्मचारी नेता राम उजागिर पांडेय का 6 जुलाई 2003 को एक सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गया था । तब से हर वर्ष पूरे प्रदेश में उन्हें 6 जुलाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया जाता है ।

# पौधों को लगाना और उनकी देखरेख करना मानव जीवन का कर्तव्य

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : देश में पेड़ पौधों का बहुत ही महत्व होता है पौधे ही मानव जीवन को बचाने में अपना पूरा सहयोग करते हैं इसी प्रकार हर मानव का धर्म है कि पेड़ पौधों को लगाकर उन्हें सिंचित करके उनका लाभ ले पौधे और मानव एक दूसरे के पूरक हैं बगैर पौधों के मानव का जीवन अधूरा है पेड़ पौधों से ही मानव जीवन के बहुत से कार्य होते हैं इसीलिए देश प्रदेश और जनपद वासियों से दैनिक न्यूज वर्ल्ड के लखनऊ मंडल के ब्यूरो चीफ अजय सिंह के द्वारा अपील की गई है कि सभी लोग अपने एवं देश हित के लिए अवश्य पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा करें हर व्यक्ति को कम से कम 5 पेड़ अवश्य लगाने चाहिए और उनकी देखरेख भी नियमित करनी चाहिए जिससे भविष्य में इस वासियों को स्वच्छ वातावरण की प्राप्ति हो सके सरकार भी वृक्षारोपण के लिए पूरी तरह से गंभीर है




और हर गांव स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम करा रही है सभी को बच्चा रोपण कार्य में सहयोग करना चाहिए।

# उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदार लहरपुर की कड़ी चेतावनी : ईद उल अजहा बकरीद त्योहार को लेकर प्रशासन हुआ गंभीर

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : लहरपुर सीतापुर उप जिलाधिकारी लहरपुर अनुपम मिश्रा एवं तहसीलदार शशि बिंदु द्विवेदी के द्वारा समस्त अधीनस्थों के साथ–साथ संपूर्ण तहसील क्षेत्र की जनता से अपील की गई है कि आगामी ईद उल अजहा बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया जाए कहीं किसी प्रकार का वाद विवाद ना होने पाए इसके लिए मुस्लिम धर्मगुरुओं से भी अपील की गई है सभी लोग शांति व्यवस्था में पूरी तरह से शासन प्रशासन का सहयोग करें उप जिलाधिकारी लहरपुर के द्वारा पुलिस प्रशासन को भी आगाह किया गया है कि चप्पे–चप्पे पर पुलिस अपनी पैनी नजर बनाकर रखें जिससे कोई भी अराजक तत्व अराजकता न फैलाने पाय उप जिला अधिकारी एवं तहसीलदार स्वयं





क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा ले रहे हैं संवेदनशील इलाके में पूरी सतर्कता बरतने के लिए पुलिस प्रशासन को भी आगाह कर के विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

# गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के तरफ से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद एवं आभार

मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ : गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति लगातार प्रयासों के बाद महासमिति ने मांग पत्र में एनसीआर की तर्ज पर आस पास के जिला सीतापुर,हरदोई,उन्नाव, रायबरेली,सुल्तानपुर,बाराबंकी के क्षेत्र को जोड़कर समग्र विकास तथा जनसंख्या का प्रवासन को रोकने हेतु निवेदन किया था महासमिति के वार्षिकोत्सव में मांग पत्र माननीय रक्षा मंत्री जी को सौप था जिसमे राज्य की राजधानी क्षेत्रष विस्तार कर आस पास के जिला को जोर दिया जाए ताकि लखनऊ का समग्र विकास हो सके. क्योंकि लखनऊ का भौगोलिक क्षेत्र छोटा है और जनसंख्या 54 लाख है। जो हमारे स्मारिका में पब्लिश किया गया है। रक्षा मंत्री आदरणीय राजनाथ सिंह जी ने जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को त्वरित निस्तारण हेतु पत्र के माध्यम से अवगत कराया था स माननीय मुख्यमंत्री जी ने त्वरित निस्तारण हेतु लखनऊ की जनसंख्या



को देखते हुए उसके क्षेत्र को विस्तार हेतु एनसीआर के तर्ज पर लखनऊ के आसपास सभी जिलों को एनसीआर के रूप में विकास हेतु मेट्रोपोलिटन क्षेत्र की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी

# बाढ़ इलाके से निपटने के लिए लहरपुर तहसील प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कठोर कदम

अजय सिंह ब्यूरो चीफ सीतापुर : तहसील लहरपुर में तैनात तहसीलदार तहसील बिंदु द्विवेदी के द्वारा बाढ़ पीड़ित क्षेत्र के लोगों को निजात एवं राहत दिलाने के लिए कठोर कदम उठाए जा रहे हैं बाढ़ आने की स्थिति में किस प्रकार कार्रवाई की जाएगी कैसे डूबे हुए बिक को निकाला जाएगा कैसे उसे कृत्रिम सांस की जाएगी कैसे बचाव किया जाएगा बाढ़ आने की स्थिति में कैसे आदमियों को ऊपर ऊंचाई के स्थान पर भेजा जाएगा इसके लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह से गंभीर बना हुआ है इसके लिए तहसीलदार श्री द्विवेदी के द्वारा अपनी टीम के लोगों को प्रशिक्षण कराने का कार्य प्रारंभ करा दिया है इसमें सहायक विकास अधिकारी बे हटा सुपरवाइजर सिंचाई विभाग और पशु चिकित्सा अधिकारी तंबौर मौके पर रहे सारी योजनाओं को व्यवस्थित करने के लिए मौके पर जाकर मौके का निरीक्षण तहसीलदार लहरपुर श्री द्विवेदी के द्वारा किया जा रहा है बाढ़ के लिए मां एक्सरसाइज इसमें पुलिस विभाग राजस्व विभाग सिंचाई विभाग डॉक्टर की टीम पशु चिकित्सा अधिकारी इत्यादि लोग लगाए गए हैं जो अभी से बाढ़ क्षेत्र के इलाके में जाकर अपने कार्यों का प्रशिक्षण शशि बिंदु द्विवेदी की देखरेख में प्रारंभ कर दिया है जिससे बाढ़ क्षेत्र के लोगों को प्रशासन के ऊपर पूरा भरोसा हो सके कि प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए अभी से पूरी तैयारी व्यवस्थित कर ली है तहसीलदार श्री द्विवेदी स्वयं अपनी देखरेख में सारे प्रशिक्षण कार्य करवा रहे हैं।

